गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व

स्रोत: पी.आई.बी

चर्चा में क्यों?

भारत ने हाल ही मेंछत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास-तमोर पिंगला (GGTP) टाइगर रिज़र्व को देश के56वेंटाइगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया है। यह देश के बाघ संरक्षण प्रयासों की दिशा में प्रमुख कदम है।

नोट: छत्तीसगढ़ में पहले तीन टाइगर रिज़र्व थे: बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती, गरियाबंद का उदंती-सीतानदी एवं मुंगेली का अचानकमार।

गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिज़र्व के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

अवस्थिति और आकार: GGTP टाइगर रिज़र्व छोटा नागपुर पठार के साथ आंशिक रूप से बघेलखंड पठार में स्थित है।
GGTP टाइगर रिज़र्व का कोर क्षेत्र 2,049.2 वर्ग किमी (जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान तथा तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य
शामिल हैं) है और इसके तहत 780.15 वर्ग किमी का बफर जोन शामिल है।
यह नागार्जुनसागर-श्रीशैलम (आंध्र प्रदेश) और मानस (असम) के बाद भारत का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व है।
जैवविविधता: भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा 365 अकशेरुकी और 388 कशेरुकी सहित कुल 753 प्रजातियों का दस्तावेजीकरण किया गया है, जो रिज़र्व की समृद्ध जैवविविधता को दर्शाता है।
लैंडस्केप दृष्टिकोण: GGTP टाइगर रिज़र्व लैंडस्केप दृष्टिकोण को अपनाता है, जैवविविधता संरक्षण के लिये परस्पर जुड़े आवासों पर
ज़ोर देता है। यह संजय दुबरी (मध्य प्रदेश), बांधवगढ़ (मध्य प्रदेश) और पलामू (झारखंड) जैसे पड़ोसी बाघ रिज़र्वों के साथ पारिस्थितिक संपर्क सुनिश्चित करता है।
यह भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव योजना (2017-2031) के अनुरूप है, जो आवास संरक्षण और सतत संरक्षण को बढ़ावा देती है।

//

टाइगर रज़िर्वों की अधसिूचना

- भारत में टाइगर रज़िर्वों को वन्यजीव (संरक्षण) अधनियिम, 1972 के तहत **राज्य सरकारों द्वारा अधसिूचति** कयिा जाता है, जसिे बाद में **वन्यजीव (संरक्षण) संशोधन अधनियिम, 2022** द्वारा संशोधति कयिा गया था। यह प्रक्रयिा राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधकिरण (NTCA) की सलाह पर की जाती है।



UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQ)

[illegible]

प्रश्न. निम्नलिखित आरक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिये: (2012)

1- बांदीपुर
2- भितरकनिका
3- मानस

4- सुंदरबन

उपर्युक्त में से कौन-से बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (b)

प्रश्न. पारिस्थितिक दृष्टिकोण से पूर्वी घाटों और पश्चिमी घाटों के बीच एक अच्छा संपर्क होने के रूप में निम्नलिखित में से किसका महत्त्व अधिक है? (2017)

(a) सत्यमंगलम बाघ आरक्षित क्षेत्र (सत्यमंगलम टाइगर रिज़र्व)
(b) नल्लामला वन
(c) नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
(d) शेषाचलम जीवमंडल आरक्षित क्षेत्र (शेषाचलम बायोस्फीयर रिज़र्व)

उत्तर: (a)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/guru-ghasidas-tamor-pingla-tiger-reserve